संक्षिप्त

दोषियों पर कार्यवाही की मांग

टोंक। अखिल भारतीय खटीक समाज ने गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में राज्यपाल एंव मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर बताया कि निवाई में पुलिस कांस्टेबल से डयूटी के दौरान मारपीट करने एंव चाकसू में फल विक्रेता बनवारी खटीक की मौत घटना की निष्पक्षता से जांच कर दोषी लोगो को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस जिला स्तरीय जनसुनवाई में पुलिस उपाधीक्षक राजेश विधार्थी को दिये ज्ञापन में समाज के गणमान्यजनो ने बताया कि 3 दिन पूर्व निवाई में आन डयूटी ट्रॉफिक कांस्टेबल भागचन्द सामरिया पर कार चालक आशु गोड द्वारा मात्र कार साईड में लेने की बात पर अभद्रता कर मारपीट की घटना के बाद भी आरोपी को अभी तक हिरासत में नही लेने से समाज के लोगो में गहरा आक्रोश पनप रहा है। इसी तरह चाकसू में नाजायज तरीके से फल विक्रेता बनवारी लाल का पालिका कर्मियों द्वारा सामान जब्त कर प्रताडित किये जाने के बाद बनवारी लाल की हार्ट अटेक से मोत के पीछे दोषी गिरफ्तार नही किये जाने से समाज में आक्रोश व्याप्त है, जिस पर तत्काल दोषीयों लोगो के खिलाफ कठोर एंव कानून समम्त कार्रवाही किये जाने की मांग की है।

कलाकारों ने शपथ ग्रहण की

बौंली- बामनवास । श्री राम कला मंडल बौंली के तत्वावधान में 21 सितंबर से आयोजित होने वाली रामलीला मंचन कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्यों व कलाकारों का श्री भोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। व्यास पीठ संचालक पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी हंसराज शर्मा के सानिध्य में सभी सदस्यों व कलाकारों ने शपथ ग्रहण की। श्री राम कला मंडल के प्रवक्ता हेमराज सैनी ने बताया कि श्री राम कला मंडल के सदस्य राजस्थान के फेमस कलाकार पन्या सेपट जगदीश छैला निवासी भांकरोटा बौंली नगर में 11 दिवस रामलीला मंचन कार्यक्रम में अपनी सेवाएं देंगे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं संचालक कोषाध्यक्ष गोपाल शर्मा, अध्यक्ष दिनेश पुरी, सीताराम त्रिवेदी, सूबेदार मोहन सिंह राव, पत्रकार श्रद्धा ओम त्रिवेदी, शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा, गिरिराज बुंदेला, रामावतार सैनी, महेश वैष्णव सलोना, आशुतोष पाठक एवं जगदीश छैला उर्फ़ पन्या सेपट निवासी भांकरोटा सहित अन्य सदस्य व कलाकार उपस्थित थे।

चाकूबाजी से एक घायल

टोंक। सदर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 52 स्थित बमोर पुलिया के पास पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार देर रात दो पक्षों में चाकू बाजी हो गई, जिसमें एक पक्ष से एक युवक घायल हो गया, उसके बाद आरोपी मौके से भाग गये। जिसकी सूचना पर टोंक सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सआदत में भर्ती कराया, जहा युवक को सिर में धारदार हथियार से गम्भीर चोट बतायी जा रही है। मामले को गम्भीरता से लेते हुए टोंक वृताधिकारी राजेश विधार्थी ने भी मौके पर पहुंचकर घायल से पूछताछ की तथा आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिये। इस घटना में नासिर मोहम्मद उर्फ इमरान पुत्र फकीर मोहम्मद उम्र 28 साल निवासी कुम्हारों की चौकी काली पलटन घायल हुआ था, जिसका सआदत चिकित्सालय इलाज जारी है।

आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग

रतनगढ़(निसं)। हरियाणा की टीचर मनीषा की हत्या के विरोध में ग्रामीण किसान छात्रावास, रतनगढ एवं युवा एकता संगठन के सैकड़ों युवाओं ने रतनगढ विधायक पूसाराम गोदारा को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करवाने की मांग की। जिसपर विधायक ने हरियाणा में हुई इस घटना की निंदा करते हुए जिला कलेक्टर चूरु के मार्फत महामहिम राष्ट्रपति के नाम पत्र भेज कर पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय न्याय देने एवं मनीषा के हत्यारों को कठोर सजा देने की मांग की। उनका कहना था कि दोषियों को ऐसी सजा मिले, जिससे भविष्य में कोई इस तरह की घटना को अंजाम देने से पहले सोचे।
इस दौरान पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा,अरविंद चाकलान , भानी राम मेघवाल, नेमीचंद धतरवाल, धनराज, संतोष, मनोज, मनीषा सैनी, रामनिवास आदि उपस्थित रहे।

'मेले सांस्कृतिक परम्परा के वाहक'

अलवर । वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज बांका डूंगर, तालाब टहला में आयोजित श्री पाबू जी महाराज और श्री रुपनाथ जी महाराज के वार्षिक मेले में शिरकत व पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की।

पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों ने एसडीएम को शिकायत दर्ज कराई

सांभरझील, (निसं)। यहां जाल की गली के मोहल्लेवासियों ने पार्षद धर्मेंद्र जोपट व एडवोकेट दिव्य राजवीर गुर्जर के नेतृत्व में पानी की समस्या को हल कराने में नाकाम होने पर उपखंड अधिकारी ऋषिराज को लिखित में जलदाय विभाग की शिकायत दर्ज कराई।

यहां रहने वाले संजय तोषनीवाल व लोगों से बात की गई तो बताया कि हमारे मोहल्ले जाल की गली में पिछले लंबे समय से 4 से 5 दिन में मात्र 20 से 30 मिनट पानी आता है यानी की माह में 5-6 बार ही पानी आता है, जिसका प्रेशर भी एकदम कमजोर रहता हैं इस कारण से पानी की जरूरत भी पूरी नही हो पाती हैं। यह दुखद विषय है कि बीसलपुर मे पर्याप्त पानी उपलब्ध हैं उसके बावजूद भी है अपर्याप्त पानी की आपूर्ति होना जलदाय विभाग की कार्य शैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। द्रौपदी, पूजा जाजू, प्रीति शर्मा, सीमा, मेघा, मंजू, प्रीति मुंदडा, अनीता मुंदडा, देवी सेवकानी कपूरा देवी, सुषमा, गोपी किशन मांधना सहित अनेक ने बताया कि हमारे मोहल्ले में जल आपूर्ति के दोरान की फोटो विडीयो हमारे पास उपलब्ध हैं एवं हमने सहायक अभियन्ता श्रीमान संजय कुमावत को उनके मोबाइल नंबर 7568149919 व जलदाय कर्मी धर्मचन्द गुप्ता को मोबाइल नंबर 9413602933 पर अनेक बार भी अवगत करवाया गया हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं और अब तो हमारे मोहल्ले वालो का फोन भी उठाना बन्द कर दिया हैं।

सांभरझील जाल की गली के मोहल्लेवासियों ने पानी की समस्या को हल कराने में नाकाम होने पर उपखंड अधिकारी ऋषिराज को लिखित में दी।

- जलदाय विभाग के अधिकारियों ने मौहल्लेवासियों का फोन उठाना बंद किया

पानी की समस्या के चलते हमारे मोहल्ले के काफी परिवार पलायन कर चुके हैं यदि इसी तरह की पानी की व्यवस्था रहती है तो शेष परिवार भी पलायन करने के लिए मजबूर हो जाएगा क्योंकि गांव के लोगों ने तो राजनतेओं से तो उम्मीद लगाना ही बंद कर दिया है तो अब उनका रखवाला कौन है।

55 लाख रूपए की लागत से बनेगा उप स्वास्थ्य केंद्र

चिड़ावा, 21 अगस्त। मंड्रेला नगरपालिका के गांव बागपुरा में भाजपा युवा नेता राजेश दहिया ने उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। दहिया ने शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बताया कि गांव बागपुरा में 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन निर्माण के लिए विधिवत तरीके से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। उक्त नए बनाए जा रहे उप स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को सवास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिल सकेंगी। ठामवासियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र की सौगात दिए जाने पर दहिया का आभार व्यक्त कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, मंड्रेला नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप शेखावत, रमाकांत शर्मा, संदीप खरींटा, प्रवीण, बनवारी लुहार, मकसूद, कुलदीप डांगी एवं ठामवासी उपस्थित रहे।

गौशाला की नई कार्यकारिणी का गठन

पावटा। ग्राम भोनावास स्थित मोहनदास गौशाला की नई कार्यकारिणी का बुधवार को सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से धूड सिंह शेखावत को अध्यक्ष बनाया गया है।

साथ ही विकास कार्यों को लेकर बैठक भी आयोजित हुई। जिसमें अध्यक्ष धूडसिंह शेखावत, उपाध्यक्ष रामोतार सिंह और कबूल सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह और सचिव किशन लाल गुरुजी को चुना गया। आगामी दिसंबर माह में गौशाला प्रांगण में आयोजित नानी बाई को मायरो कथा को लेकर प्रचार प्रसार के लिए विचार विमर्श किया गया।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि गौशाला केवल पशुधन संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि समाज की आस्था और सेवा का प्रतीक है। नई कार्यकारिणी से उम्मीद जताई गई कि गौशाला के विकास, गौसेवा और गौवंश संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

- धूडसिंह शेखावत को अध्यक्ष और किशन गुरुजी को बनाया सचिव, विकास कार्यों को लेकर की चर्चा
- गौशाला केवल पशुधन संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि समाज की आस्था और सेवा का प्रतीक है।

अंत में नव-निर्वाचित अध्यक्ष धूडसिंह शेखावत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और गौशाला को आत्मनिर्भर एवं आदर्श संस्थान बनाने का प्रयास करेंगे।

बैठक में बाबा मोहन दास गौशाला ट्रस्ट से पधारे राजू सिंह, प्रेम प्रकाश पवार, कैलाश कुमार कनौजिया, दांतिल गौशाला अध्यक्ष गोदराज, चुनाव प्रभारी लालचंद मीणा, पांचुडाला गौशाला अध्यक्ष महेश रावत, पाथरेड़ी गौशाला प्रबंधक रामेश्वर यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह, पूर्व सरपंच राजपाल सिंह, डीलर प्रदीप सिंह, हरिपाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, कंवर पाल सिंह, बिशन सिंह, हंसराज सिंह, विनोद सिंह, उप सरपंच बनवारी लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रोजगार सहायता शिविर में 534 अभ्यर्थियों का चयन

चूरू। रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में गुरुवार को जिला रोजगार कार्यालय की ओर से बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 750 आशार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 534 आशार्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने शिविर में उपस्थित आशार्थियों को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में पुखराज हैल्थ केयर प्रा.लि., प्रथम ऐज्यूकेशन फाउण्डेशन पिलानी, रक्षा सेक्योरिटी, बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेईटीआई, प्राईमरोज एण्ड सिक्योरिटी प्रा.लि. आदि कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया।

कलेक्टर ने भाबरू गांव में रात्रि चौपाल लगाई

पावटा। ग्राम पंचायत भाबरू मुख्यालय पर बुधवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने रात्रि चौपाल कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने चौपाल में आए ठामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी व प्रकरणों को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाने को कहा। इस दौरान आमजन ने बंदरों के उत्पात और पीएम आवास योजना, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा और पेंशन से जुड़े प्रकरण जिला कलेक्टर के समक्ष रखे. चौपाल में 21 प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वही अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण ने बताया की रात्रि चौपाल में 20 से अधिक प्रकरणों का मौके पर समाधान किया गया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की मंशा अनुरूप आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना है। ठामवासियों ने पेयजल,बिजली, सड़क और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिनका अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान करने का भरोसा दिलाया। रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ठामीणों की मौजूदगी रही और लोगों ने अपनी बात खुलकर रखी। आयोजित कार्यक्रम में पेयजल, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नहरी विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत भाबरू मुख्यालय पर बुधवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने रात्रि चौपाल कार्यक्रम में शिरकत की।

- ग्रामीणों से संवाद कर आवास, पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं का किया मौके पर समाधान

कलेक्टर ने गैरोली में रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं

टोंक। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को तहसील दूनी की ग्राम पंचायत गैरोली में रात्रि चौपाल आयोजित हुई, जिसमें जिला कलेक्टर ने परिवादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

इसी प्रकार गुरूवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न उपखण्डों एवं ग्राम पंचायतों से आए परिवादियों की समस्याओं को सुना। साथ ही जिला अधिकारियों एवं वीसी से जुड़े ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में टोंक के धन्नातलाई निवासी अजीज एवं सलमा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, उपखण्ड देवली के कंवरपुरा निवासी कमलेश वैष्णव, टोंक की शबाना, नगरफोर्ट के ग्राम भोजपुरा के माधोलाल एवं ग्राम गुराई की सरिता ने अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई।

तहसील टोंक के शुक्लपुरा निवासी रामावतार ने सीमाज्ञान कराने, पीपलू के सूरजमल ने म्यूटेशन खुलवाने, डाबरकलां की मोहिनी ने पेंशन दिलवाने, मेंहदीबाग टोंक निवासी कन्हेया लाल ने सीवरेज चेम्बर ठीक कराने, ग्राम लाम्बाकलां के छीतर लाल ने फसल खराब का मुआवजा दिलाने की समस्याओं का निराकरण करने को लेकर शिकायत दी।

जिला कलेक्टर ने सभी परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा की समस्याओं के समाधान के पश्चात परिवादियों की संतुष्टि जानने के लिए दूरभाष पर बात करें। उन्होने कहा की सभी अधिकारी अपने कार्यालय में आने वाले परिवादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने।

जिन समस्याओं का समाधान किया जाना संभव नही हो उसके बारे में परिवादी को लिखित में जवाब दें। इस दौरान देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, एडीएम रामरतन सौकरिया, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, एडीएम बीसलपुर भूपेन्द्र यादव, सीएमएचओ शेलेन्द्र कुमार चौधरी, कोषाधिकारी हरीश लालावत, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक छोटू लाल बैरवा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को लेकर सांसद कस्वां की केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात

चूरू। सांसद कस्वां ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री को बताया कि हमारे लगातार प्रयासों के अनुरूप भारत सरकार ने नोहर फीडर और बरवाली हैड को एक साथ सम्मिलित कर नोहर फीडर की रिमोडलिंग व नहर क्षमता विकसित करने के लिये एआईबीपी योजना के अंतर्गत (नेहराना हैड हरियाणा से सीपी-4 तक लगभग 27 किमी.) नहर निर्माण की डी.पी.आर. बनाने की स्वीकृति 14 फरवरी 2024 को जारी की थी।

राजस्थान सरकार द्वारा पीएफआर रिपोर्ट बनाने का कार्य पूर्व में कर लिया गया, लेकिन इसकी डीपीआर बनाने का कार्य हरियाणा सरकार को करना था; जो आज तक नहीं हुआ है। हरियाणा सरकार द्वारा राजस्थान के हक का पानी रोकने के उद्देश्य से यह कार्य जानबूझकर सम्पादित नहीं किया जा रहा है। ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद राजस्थान को उसके हक का पानी नहीं मिल पा रहा। अत: आप इस मामले में हरियाणा सरकार को यथाशीघ्र निर्देशित कर डीपीआर बनाने का कार्य करवाएं। नोहर फीडर व बरवाली हैड का पानी एक ही नहर के माध्यम से निर्बाध रूप से राजस्थान को मिले यह सुनिश्चित करवाया जाए। साथ ही (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजीशन) सिस्टम लगाने की जो डीपीआर लगभग 120 करोड़ रू. की बननी है; उसका कार्य भी जल्द करवाया जाए।

- चूरू सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटील से मुलाकात कर नोहर फीडर व बरवाली हैड की डीपीआर निर्माण एवं जल जीवन मिशन में लम्बित कार्यों और अनियमितताओं का मुद्दा उठाया

इसके अलावा सांसद राहुल कस्वां ने जल जीवन मिशन योजना के सम्बन्ध में केन्द्रीय मंत्री को बताया कि लगातार अनियमितताओं से घरों तक पानी की पहुंच सुनिश्चित नहीं हो पा रही। भारत सरकार से बजट आवंटन के बावजद राज्य सरकार की उदासीनता के चलते नये उच्च जलाशय (टंकी) निर्माण जैसे कार्य अधर में पड़े हैं। संसदीय क्षेत्र के चूरू, सुजानगढ़, रतनगढ़, नोहर, भादरा, सादुलपुर व सरदारशहर के कुछ गावों में प्रथम फैज में स्वीकृत हुए कार्यों में डेविएशन (डीपीआर से अतिरिक्त खर्च) आ गया। अतिरिक्त फंड का अलोटमेंट नहीं होने से बहुत से कार्य लम्बित पड़े हैं। तारानगर सहित अन्य क्षेत्रों में वर्तमान में चल रहे कार्यों में भी भारी अनियमितताएं पाई जा रही हैं। गांवों में पाईप लाईन डालते समय करोड़ों रूपये की सड़कें तोड़ी गई, लेकिन योजना में प्रावधान होने के बावजूद सड़कों को ठीक नहीं किया गया है। इसी प्रकार बगैर उच्च जलाशय (टंकी) निर्माण के घरों में कनेक्शन कर जेजेएम पोर्टल पर पानी पहुंचने की गलत एन्ट्री की गई है, जबकि हकीकत में गांवों में आज भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है।

लूट व साइबर फ्रॉड में दो आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशन में टोंक वृत्ताधिकारी राजेश विद्यार्थी एवं मेहन्दवास थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने लूट की वारदात का पर्दाफाश कर लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से लगभग 2 लाख 50 हजार रूपये कीमत की सोने की मुर्की बरामद की है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि गत 20 अगस्त को हुई लूट की घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना टीम ने कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सूचना पर गश्त एंव निगरानी करते हुए आरोपी धनराज ढोली उर्फ दिनेश पुत्र लादू उम्र 30 साल निवासी मोरभाटियान थाना मेहन्दवास को लूटी गई गई कान की सोने की झेला मुर्की को बरामद किया गया। आरोपी के विरूध्द थाने में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार जिला पुलिस सायबर थाना टीम ने परिवादी का अश्लील विडियो बनाकर वायरल नही करने के नाम पर डरा-धमकाकर एक लाख 95 हजार रूपये की ठगी कर अलग-अलग खातो में डलवाकर गायब हो गये थे।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पावटा। भाबरु थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरी प्रकरण में 18 माह से फरार टॉप 10 में चयनित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने बताया कि 20 मार्च 2024 को वीरेंद्र उर्फ सोनू पुत्र दिनेश निवासी ढाणी सिरा मीणा की तन कैरली ने मामला दर्ज करवाया था कि पिकअप गाड़ी में डीजे सेट लगाकर आंतेला पुलिया के पास खड़ी की थी। जिसमें से अज्ञात चोर डीवीडी प्लेयर, एम पी प्लेयर खोलकर ले गए। जिस पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड देवेंद्र कुमार विश्नोई द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा वर्तमान में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने व फरार अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आसूचना संकलनकर लगातार चोरी प्रकरण में 18 माह से फरार टॉप 10 में चयनित वांछित अभियुक्त मोनू थाना थानागाजी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

सार-समाचार

ध्वज यात्रा रवाना

राजगढ । उपखंड क्षेत्र के देवनारायण भगवान मंदिर मोती महल टहला से ध्वज यात्रा उत्साह एवं उल्लास के साथ जोधपुरिया धाम निवाई टोंक के लिए प्रस्थान कर गई। इस अवसर पर गुर्जर समाज के सेकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने देवनारायण भगवान के जयकारों से समूचे माहौल को देवनारायणमय कर दिया। देवनारायण जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष रामसहाय गुर्जर, कोषाध्यक्ष मोहनलाल गुर्जर, एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्यों ने ध्वज यात्रा का तिलक लगाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। समूचा माहौल देवनारायण भगवान के जयकारों से गूंज उठा। ध्वज यात्रा में गए श्रद्धालुओं को माल्यार्पण एवं अन्य परंपरा के मुताबिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवरतन गुर्जरलोसल, रूपराम, रामप्रताप, बुद्धा लाल, मान प्रकाश एवं गुर्जर समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे। मोती महल मंदिर पर गुर्जर समाज के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

182 फरियादियों ने परिवेदनाएं दी

अलवर । त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई, जिसमें 182 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। वीसी के माध्यम से जुड़े मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने विगत जनसुनवाई के प्रकरणों का शत प्रतिशत निस्तारण कराने के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अत: अधिकारी जिला स्तरीय जनसुनवाई, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व अन्य माध्यम से भी आने वाले प्रकरणों का संवेदनशीलता से सुनकर उनका समयबद्ध रूप में निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व की अतिक्रमण हटाने से संबंधित, पुलिस, नगर निगम, यूआईटी, जिला परिषद, विद्युत, जलदाय आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में शहर के हरदेव विहार कॉलोनी, वार्ड न0 28 में, न्यू फ्रेन्ड्स कॉलोनी की गली न. 3, ठाम पंचायत चौरोटी पहाड तथा राजगढ में वार्ड न. 21 में सहाय जी की बावडी में सुचारू पेयजल आपूर्ति करवाने की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई जिसपर जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए की फरियादियों की शिकायतों का त्वरित समाधान कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करावें। इसी प्रकार पुराना भूरा सिद्ध मंदिर क्षेत्र में जल-भराव की समस्या, राजगढ में वार्ड न.2 टहला रोड पर पानी निकासी करवाने एवं जनता कॉलोनी के वार्ड न. 39 में सडक निर्माण करवाने ग्राम पंचायत माचाडी में आम रास्ता खुलवाने, तहसील थानागाजी की ठाम पंचायत बामनवास में आम रास्ता खुलवाने एवं ठाम पंचायत गोपालपुरा में अतिक्रमण हटवाने, तहसील मालाखेडा की ठाम पंचायत बैरखेडा में मुख्य रास्तों पर जल-भराव, रैणी की ठाम पंचायत भूडा के ग्राम आकोदा में पक्की सडक निर्माण करवाने की परिवेदनाओं पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही कर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। लक्ष्मणगढ तहसील के गांव जौना खेडा पहाड़ के निवासी लाला मेव ने अपनी पत्नी संतो के साथ जनसुनवाई में परिवेदना दी की उसका बेटा व पुत्रवधु उनकी देखभाल नही कर रहें है जबकि राज्य सरकार के द्वारा दोनों को पेंशन व खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गेंहू भी मिल रहा है फिर भी हम बुजुर्गो की देखभाल नही कर रहा है। इस पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगढ को वरिष्ठ जन भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत पुत्र व पुत्रवधु को पांबद करने के लिए निर्देशित किया।

चौधरी नगर अध्यक्ष

रतनगढ । अखिल भारतीय युवा अठावाल सम्मेलन चुरू के युवा जिला महामंत्री राजेश बगड़िया ने रतनगढ के दीपक चौधरी को अखिल भारतीय युवा अठावाल सम्मेलन रतनगढ का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है । चौधरी का मनोनयन अखिल भारतीय अठावाल सम्मेलन चुरू के जिलाध्यक्ष कैलाश चौधरी की निर्देशानुसार व अखिल भारतीय युवा अठावाल सम्मेलन चुरू के युवा जिलाध्यक्ष संजय मुरारका की स्वीकृति से किया गया । चौधरी के नगर अध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने खुशी जताई ओर कहा कि इनके नेतृत्व में समाज मे रचनात्मक कार्यों को गति मिलेगी , दीपक चौधरी ने शीघ्र ही नगर कार्यकारिणी बनाने का आश्वासन दिया।

रैली में स्वच्छता का सन्देश दिया

रतनगढ । आरयूआईडीपी के अधिक्षण अभियन्ता राकेश शरण गर्ग के निर्देशन में व सहायक अभियन्ता सुरेन्द्र जी के मार्गदर्शन में वार्ड नं. 18 के वागेश्वरी शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय के निर्देशक विनोद कुमार प्रजापत के नेतृत्व में विधार्थियों द्वारा सीवर के रखरखाव एवं स्वच्छता पर जागरूक रैली का आयोजन किया गया आज इस रैली को विधालय के प्रधानाध्यापक सिकन्दर खांन व जयपुर कैप से मनोज श्री वास्तव सी एम ई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ये रैली रेल्वे घूमचक्कर वार्ड नं. 20 व 21 में स्वच्छता के नारो की तख्तियों के साथ घुमते हुए नारे लगाए इस रेली का मुख्य उद्देश्य सीवरेज घरेलू कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग के प्रति जागरूक करना आज के इस कार्यक्रम में विधालय के शिक्षक गोविन्द प्रजापत, इकबाल खांन व आरयूआईडीपी के जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड,कविता स्वामी, काजल सांखला ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन छोटू सैनी ने किया।विधालय के स्टाफ ने आरयूआईडीपी के इस कार्यक्रम के लिए आभार प्रकट किया

तहसीलदार से अभद्रता का विरोध

हिंडौन सिटी। लालसोट तहसील कार्यालय में तहसीलदार और कर्मचारियों से हुई मारपीट व अभद्रता की घटना के विरोध में गुरुवार को राजस्व अधिकारियों ने कार्य बहिष्कार किया। इस आ न पर हिंडौन, सूरौठ, श्रीमहावीरजी और कटकड़ तहसीलों में पूरे दिन सभी राजस्व कार्य व रजिस्ट्री बंद रहे। इससे करीब 8 से 10 लाख रुपये की राजस्व आय का नुकसान हुआ और सैकड़ों लोग बिना काम के लौट गए। विरोध में पटवारियों व गिरदावरों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। राजस्थान राजस्व सेवा परिषद ने इस घटना की निंदा की और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उठा किया जाएगा।

दो ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

अलवर । रामगढ़ पंचायत समिति के प्रधान नसरू खान ने बांम्बोली और नंगली मेघा ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। दोनों पंचायत कार्यालयों में ताला लटका मिला। नंगली मेघा ग्राम पंचायत में ग्राम सेवक अजीराम चौधरी और एलडीसी मदन लाल अनुपस्थित थे। बांम्बोली में ग्राम सेवक सीमा चौधरी और एलडीसी सीमा मीणा भी कार्यालय में मौजूद नहीं थीं। इस दौरान कई ग्रामीण अपने कामों के लिए पंचायतों के चक्कर लगा रहे थे। प्रधान ने विकास अधिकारी विजय भाल को निर्देश दिए हैं। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा है। प्रधान ने चेतावनी दी कि ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगे भी सरकारी कार्यालयों का इसी तरह निरीक्षण जारी रहेगा।